बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना–सह–दिशा निर्देश

विज्ञापन संख्या 05/2020, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार के अन्तर्गत बिहार खान एवं भूतत्व सेवा के मूल कोटि, खनिज विकास पदाधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा ऑनलाईन विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन की कंडिका 9 (i) एवं (ii) के आलोक में आयोग कार्यालय में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से आवेदन की हार्ड कॉपी एवं सभी प्रमाण पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 10.06.2020 के अपराह्न 5:00 बजे तक निर्धारित की गई थी। उक्त ऑनलाईन आवेदन सम्बन्धी प्रक्रिया को विस्तारित करते हुए आयोग कार्यालय में हार्ड कॉपी एवं सभी प्रमाण पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 07.07.2020 निर्धारित की गई थी। तदालोक में उक्त पद से संबंधित विज्ञापन के अन्तर्गत कतिपय आवेदकों का आवेदन की हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में अप्राप्त है। ऐसे आवेदकों को सूचित किया जाता है कि अगर उन्होंने आयोग द्वारा निर्धारित/विस्तारित तिथियों के अंतर्गत हार्ड कॉपी प्रेषित किया हो तो इस सम्बन्ध में साक्ष्य (निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट की छायाप्रति) संलग्न करते हुए निर्धारित प्रारूप में भरकर आयोग के E-Mail ID- bpscpat-bih@nic.in पर दिनांक 15.02.2021 तक निश्चित रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे। आवेदक आश्वस्त हो लें कि निर्धारित प्रारूप के साथ संलग्न साक्ष्य की छायाप्रति स्पष्ट एवं पठनीय हो। साक्ष्य के आधार पर जाँचोपरान्त सही पाए जाने की स्थिति में उनके द्वारा पूर्व से प्रेषित हार्ड कॉपी (प्राप्त होने की स्थिति में) के आधार पर विज्ञापन में निहित्त शर्त्तों के आलोक में नियमानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

उक्त विज्ञापन से संबंधित ऐसे आवेदक जिनका हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में अप्राप्त है, की सूची आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

निर्धारित तिथि तक विहित प्रारूप में वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में बाद में किसी प्रकार का अनुरोध/दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

5.2.21

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना